CHAHAL ACADEMY
LEARN TODAY! LEAD TOMORROW!
96259-93995

**STH-P-MGMT**

# प्रबन्धन / MANAGEMENT

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : **तीन घंटे*** | *अधिकतम अंक : **250*** |
| *Time Allowed : **Three Hours*** | *Maximum Marks : **250*** |

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों की शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*अपने उत्तरों के समर्थन में, यदि आवश्यक समझें, आधार-सामग्री देकर इसका स्पष्ट रूप से उल्लेख कीजिए ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**

**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) प्रबन्धन के विचार के विकास में फेयोल के योगदानों की विवेचना कीजिए ।

Discuss the contributions of Fayol in the development of management thought. *10*

(b) प्रत्यक्षण (परसेप्शन) की संकल्पना की व्याख्या कीजिए एवं उन कारकों को बताइए जो व्यक्ति के प्रात्यक्षिक प्रक्रम से सम्बन्ध रखते हैं ।

Explain the concept of Perception and state the factors which have a bearing on the perceptual process of an individual. *10*

(c) आधुनिक स्मार्ट शासकीय संगठनों में कर्मचारी सशक्तिकरण के पाँच तरीकों की व्याख्या कीजिए ।

Explain five ways of employee empowerment in modern smart governmental organisations. *10*

(d) सरकारी एवं निजी क्षेत्रकों से उचित उदाहरण लेते हुए आपातिक (कन्टिन्जेन्ट) एवं रचनांतरणपरक (ट्रान्सफॉरमेशनल) नेतृत्व शैलियों की विवेचना कीजिए ।

Discuss contingent and transformational leadership styles with suitable examples from government and private sectors. *10*

(e) कार्य संतुष्टि क्या है ? इसका कर्मचारियों के ठहराव के इरादे, उत्पादकता, अनुपस्थितता, श्रमिक प्रतिस्थापन एवं दुर्घटनाओं से क्या सम्बन्ध है ? ज्ञान आधारित संगठनों के संदर्भ में उत्तर दीजिए ।

What is Job Satisfaction ? What is its relationship with employees' intention to stay, productivity, absenteeism, turnover and accidents ? Answer in the context of Knowledge Based Organisations. *10*

**Q2.** (a) विरोधिता (संघर्ष) को परिभाषित कीजिए । अंतरावैयक्तिक और अंतर्वैयक्तिक संघर्ष कौन-कौन से हैं ? इनका समाधान कैसे किया जा सकता है ? उदाहरण दीजिए ।

Define Conflict. What are Intrapersonal and Interpersonal conflicts ? How can these be resolved ? Give examples. *20*

(b) उद्यमिता एवं नवाचार के बीच क्या सम्बन्ध है ? विभिन्न प्रकार के नवाचारों का विवेचन कीजिए ।

What is the relationship between entrepreneurship and innovation ? Discuss different types of innovations. *15*

(c) संगठनात्मक व्यवहार बहुविषयी स्वरूप का होता है । उभरते हुए विषयों सहित 10 ऐसे विषयों के नाम बताइए जिन्होंने संगठनात्मक व्यवहार बनाने में योगदान दिया है । प्रत्येक विषय के लिए एक उदाहरण दीजिए ।

Organisational Behaviour is of multidisciplinary nature. Name 10 disciplines including emerging disciplines which contributed to make organisational behaviour. Give one example for each of the disciplines. *15*

**Q3.** (a) अभिप्रेरण क्या है ? एक संगठन में कर्मचारियों को अभिप्रेरित करने में मैसलो की सोपान थियोरी का कैसे इस्तेमाल किया जा सकता है ? व्याख्या कीजिए ।

What is Motivation ? How can Maslow's Hierarchy theory be used to motivate employees in an organisation ? Explain. *15*

(b) संगठन में प्रौद्योगिकी द्वारा शक्तिप्रदत्त एच.आर.आई.एस. के घटकों और फीडबैक मैकेनिज़्म (प्रतिपुष्टि व्यवस्था) की व्याख्या कीजिए । क्या वे वर्धित अभिप्रेरण और मनोबल पैदा करते हैं ? पुष्टि कीजिए ।

Explain the components of the technology enabled HRIS and feedback mechanism in an organisation. Do they lead to increased motivation and morale ? Substantiate. *20*

(c) संगठनात्मक संदर्भ में तनाव के संभाव्य स्रोत एवं परिणाम क्या-क्या हैं ? उनसे कैसे निपटा जा सकता है ?

What are the potential sources and consequences of stress in the organisational context ? How can we deal with them ? *15*

**Q4.** (a) जनसांख्यिकीय और प्रौद्योगिकीय परिवर्तनों के संदर्भ में मानव संसाधन नियोजन की चुनौतियों की व्याख्या कीजिए ।

Explain the challenges of Human Resource Planning in the context of demographic and technological changes. *15*

(b) "कारोबारी संगठन का एकमात्र उत्तरदायित्व, विधिक ढाँचे के भीतर, अपने मालिकों के हितों की उन्नति करना होता है और कारोबारी संगठनों पर सामाजिक उत्तरदायित्व नहीं लादे जा सकते हैं ।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

"A business organisation's sole responsibility is to further the interest of its owners within the boundaries of legal framework and business organisations cannot be charged with social responsibilities." Do you agree with the statement ? Explain. *20*

(c) संगठन संस्कृति क्या है ? संगठन संस्कृति को कैसे बनाया जा सकता है ? व्याख्या कीजिए ।

What is organisational culture ? How can organisational culture be built ? Explain. *15*

**खण्ड B**

**SECTION B**

**Q5.** **निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :**

**Answer the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) जॉब लागत-निर्धारण और प्रक्रम लागत-निर्धारण को परिभाषित कीजिए । जॉब लागत-निर्धारण किन-किन बातों में प्रक्रम लागत-निर्धारण से भिन्न है ?

Define Job Costing and Process Costing. In what ways is Job Costing different from Process Costing ? *10*

(b) वित्तीय निर्णयों में प्रबन्धन लेखाकरण के महत्त्व को समझाइए ।

Explain the importance of Management Accounting in financial decisions. *10*

(c) "कम्पनी की सफलता सुनियोजित पूँजी संरचना पर निर्भर करती है ।" परीक्षण कीजिए ।

"The success of a company depends on its well-planned capital structure." Examine. *10*

(d) नकदी प्रबन्धन के मिलर-ऑर मॉडल की व्याख्या कीजिए । उपयुक्त नकदी शेष के निर्धारण में यह मॉडल किस प्रकार सहायक है ?

Explain the Miller-Orr model of cash management. How is this model helpful in determination of appropriate cash balance ? *10*

(e) बाज़ार खंडीकरण दक्षता एवं प्रभाविता के बीच एक समझौता है । इस कथन का समालोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए ।

Market segmentation is a compromise between efficiency and effectiveness. Critically evaluate this statement. *10*

**Q6.** (a) मानक लागत और मानक लागत-निर्धारण को परिभाषित कीजिए । मानक लागत-निर्धारण लागत पर प्रभावी नियंत्रण में किस प्रकार उपयोगी होता है ?

Define Standard Cost and Standard Costing. How is Standard Costing useful in the effective control over the cost ? *15*

(b) वर्तमान विपणन परिवेश में ग्राहक धारण (रिटेंशन) क्यों महत्त्वपूर्ण है ? लम्बे समय तक ग्राहकों को धारण करने के लिए अपनाई जा सकने वाली रणनीतियों की व्याख्या कीजिए ।

Why is customer retention important in the current marketing environment ? Explain the strategies that could be adopted to retain customers for a long period of time. *20*

(c) कार्यशील पूँजी की प्रचालन चक्र संकल्पना की व्याख्या कीजिए । कार्यशील पूँजी के प्रबन्ध में प्रचालन चक्र का गहन अध्ययन किस प्रकार सहायक होता है ? समझाइए ।

Explain the operating cycle concept of working capital. How is a close study of operating cycle helpful in the management of working capital ? Explain. 15

Q7. (a) "ईक्विटी पूँजी एवं प्रतिधारित आय लागत-रहित पूँजी प्रदान करते हैं ।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? इनकी लागतें निर्धारित करने की विधियों की व्याख्या कीजिए ।

"Equity capital and Retained earnings provide cost-free capital." Do you agree with this statement ? Explain the methods for determining their costs. 20

(b) प्रचालन से निधि को परिभाषित कीजिए । इसका अभिकलन कैसे किया जाता है ? उदाहरण के साथ समझाइए ।

Define funds from operations. How is it computed ? Explain with example. 15

(c) स्थान निर्धारण (पोज़िशनिंग) उपभोक्ता के मस्तिष्क में किया जाता है और न कि उत्पाद का । स्पर्धात्मक बाज़ार के सन्दर्भ में इसकी प्रासंगिकता की व्याख्या कीजिए ।

Positioning is done in the consumer's mind and not of product. Explain its relevance in the context of a competitive market. 15

Q8. (a) लागत लेखाओं और वित्तीय लेखाओं के बीच सामंजस्य स्थापित करने का क्या प्रयोजन होता है ? लागतन लाभों और वित्तीय लाभों के बीच अंतर के कारणों को स्पष्ट कीजिए ।

What is the purpose of reconciling Cost and Financial Accounts ? Explain the causes of difference between costing profits and financial profits. 15

(b) उपभोक्ता खरीदारी निर्णय बिना सोचे-विचारे नहीं लेता है । उपभोक्ता निर्णयन प्रक्रम के विभिन्न चरणों की व्याख्या कीजिए ।

The consumer does not take buying decisions randomly. Explain the various steps of the consumer decision-making process. 15

(c) "लीवरेज एक ऐसे उपकरण के समान है जो दो तरफ़ा काट करता है । एक ओर यह जोखिम में वृद्धि करता है तो दूसरी ओर निवेश पर परिलब्धि की वृद्धि करने का एक अवसर प्रदान करता है ।" इस कथन का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

"Leverage serves as a tool which cuts both ways. On one hand it increases the risk and on the other it provides an opportunity to increase return on investment." Critically examine this statement. 20